# B.C.S.Govt.P.G. College , Dhamtari (C.G.)

## NAAC- 'B+'

Website – www.bcspgcdmt.com, E-mail – pgcollege.dhamtari@gmail.com


## Youth 20 वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय के पत्रानुसार यूथ के नोडल अधिकारी डॉ नीता बाजपेई राज्य रासेयो अधिकारी एवम पदेन उपसचिव उच्च शिक्षा विभाग छग शासन के आदेश से तथा प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के संरक्षण में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में जिला स्तरीय Y20 यूथ वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 21 फरवरी 2023 को किया गया। जिसमे जिला स्तरीय अंतरमहाविद्यालय भाषण वाद विवाद एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ पी सी चौधरी ने की। कार्यक्रम में भाषण का विषय लोकतांत्रिक नीति निर्माण और शासन में युवाओं की भूमिका वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय सदन की राय में सोशल मीडिया पर नियंत्रण आवश्यक है एवम पोस्टर प्रतियोगिता का विषय वसुधैव कुटुंबकम् रखा गया। जिस पर विभिन्न महाविद्यालयों के चयनित प्रतिभागियों द्वारा अपने अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी, शासकीय महाविद्यालय भखारा, नवीन शासकीय महाविद्यालय आमदी, नवीन शासकीय महाविद्यालय कंडेल, शासकीय महाविद्यालय कुरूद से कुल 17 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। साथ ही कार्यक्रम में प्रो अमर सिंह साहू सहायक प्राध्यापक, प्रो लक्ष्मीनारायण सिन्हा सहायक प्राध्यापक एवम कार्यक्रम अधिकारी डा भुवाल सिंह ठाकुर सहायक प्राध्यापक हिंदी, शास वेद व्यास महा भखारा, श्री डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल शास नवीन महाविद्यालय आमदी, डॉ सी एस बांधे क्रीड़ा अधिकारी शास कन्या महाविद्यालय धमतरी एवम नेहरू युवा केन्द्र से नितिन कुमार शर्मा जिला युवा अधिकारी धमतरी ,भूपेन्द्र दास एवम वेदप्रकाश साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात प्रो निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी द्वारा की गई जिसमे उन्होंने आयोजित Y20 जागरूकता कार्यक्रम के बारे में बताया व कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर बधाई दी गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ पीसी चौधरी ने कार्यक्रम में बताया कि जिस प्रकार विज्ञान का दैनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण उपयोग है साथ ही उसके कुछ दुष्प्रभाव भी है उसी प्रकार सोशल मीडिया का वर्तमान परिपेक्ष में अति महत्वपूर्ण उपयोगी स्थान होने के साथ ही इसमें कुछ कुछ बुराइयां है जिसकी वजह से नियंत्रण की आवश्यकता महत्वपूर्ण हो जाती है। आज पूरा विश्व आपकी मुट्ठी में है अर्थात आप सोशल मीडिया खोलो और विश्वभर की सारी जानकारी आपके सामने आ जाती है।आज इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र से अनभिज्ञ नहीं रहा है और अपने क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में प्रो अमर सिंह साहू,प्रो डीगेश्वर अटल एवम डॉ सी एस बांधे रहे। निर्णय डॉ सी एस बांधे द्वारा सुनाया गया जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तोषण साहू पीजी महाविद्यालय धमतरी, वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम दिनेश्वर साहू

पीजी महाविद्यालय धमतरी एवम विपक्ष प्रथम में रूपेश कुमार शासकीय महाविद्यालय कुरूद और चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या भारती शासकीय महाविद्यालय भखारा रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की सोच का पता लगाना तथा नीति प्रस्तावों में उनकी सुझावों को शामिल करना है अतिथियों तथा निर्णायको का आभार Y20 संयोजक निरंजन कुमार ने किया











दैनिक भास्कर

धमतरी 23-02-2023

**कार्यक्रम** • जिलास्तरीय यूथ-20 जागरूकता कार्यक्रम के तहत हुई वाद-वाद, भाषण, चित्रकला स्पर्धा में 17 प्रतिभागी हुए शामिल

# भाषण में धमतरी के तोषण, चित्रकला में भखारा की दिव्या प्रथम

भास्कर न्यूज़| धमतरी

बीसीएस पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय यूथ-20 वार्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें वाद-विवाद, भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी, शासकीय कॉलेज भखारा, नवीन कॉलेज आमदी, नवीन शासकीय कॉलेज कंडेल, शासकीय कॉलेज कुरूद से कुल 17 प्रतिभागी शामिल हुए।

भाषण का विषय लोकतांत्रिक नीति निर्माण और शासन में युवाओं की भूमिका, वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय सदन की राय में सोशल मीडिया पर नियंत्रण आवश्यक है। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय वसुधैव कुटुंबकम् रखा गया। जिस पर विभिन्न कॉलेज के चयनित 17 प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम तोषण साहू पीजी कॉलेज धमतरी, वाद विवाद पक्ष में प्रथम दिनेश्वर साहू पीजी कॉलेज धमतरी, विपक्ष में प्रथम रूपेश कुमार शासकीय कॉलेज कुरूद, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम दिव्या भारती शासकीय कॉलेज भखारा रही। इस अवसर पर प्रोफेसर अमरसिंह साहू, प्रोफेसर लक्ष्मीनारायण सिन्हा, डॉ. भुवाल सिंह ठाकुर, डीगेश्वर अटल, डॉ. सीएस बांधे, नितिन कुमार शर्मा, भूपेन्द्र दास, वेदप्रकाश साहू, स्वयंसेवक महेन्द्र कुमार साहू, लकेश्वरी साहू, हेमचरण साहू, मोनिका साहू, महेंद्र बघेल, योगेश, अपर्णा शर्मा, लीना गजेन्द्र, कुशल डिंडोलकर, सोमेश्वर गंजीर आदि उपस्थित थे।



धमतरी। जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय यूथ-20 वार्ता जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित प्रोफेसर और कॉलेज के चयनित प्रतिभागी।